Roll No. | | | | |

**INDIAN SCHOOL SALALAH**

**SECOND TERM EXAMINATION, FEB - MARCH 2026**

**HINDI SECOND LANGUAGE (Code- 085)**

**Class: VII** **Date: 09.03.2026**

**Time: 3hrs** **कुल पृष्ठ - 05** **कुल प्रश्न - 19** **Maximum Marks: 80**

---

**01. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए हुए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिएः- 5x1=5**

भारत एक विशाल और विविधताओं से भरा देश है। यहाँ पर प्रकृति की सुंदरता, विभिन्न भाषाएँ एवं भोजन और अनेक पर्व-त्योहार मिलते हैं। भारत की संस्कृति बहुत प्राचीन है, जिसकी जड़ें हजारों वर्षों पुरानी हैं। भारतीय लोग अपने अतिथि के प्रति सम्मान और प्रेम दिखाते हैं। इसी कारण भारत को *"अतिथि देवो भव:"* कहा जाता है, जिसका अर्थ है – *अतिथि भगवान के समान है।* हमारे देश में अनेक त्योहार मनाए जाते हैं, जिनमें दीवाली, होली, ईद, क्रिसमस, पोंगल, बैसाखी आदि प्रमुख हैं। इन त्योहारों के माध्यम से लोग एक-दूसरे के साथ आनंद बाँटते हैं और सामाजिक एकता बढ़ती है। भारत के विभिन्न भागों में अलग-अलग रीति-रिवाज देखने को मिलते हैं। उदाहरण के लिए, उत्तर भारत में गेहूँ अधिक उगाया जाता है, जबकि दक्षिण भारत में चावल प्रमुख भोजन है। भारतीय संस्कृति में कला, संगीत और नृत्य का भी विशेष स्थान है। भरतनाट्यम, कथक, ओडिसी और कुचिपुड़ी जैसे शास्त्रीय नृत्य भारत की सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा हैं। भारतीय संगीत में तबला, सितार, बाँसुरी और सारंगी जैसी वाद्य यंत्रों का उपयोग किया जाता है। भारत की प्रकृति भी अत्यंत सुंदर है। हिमालय की बर्फीली चोटियाँ, राजस्थान के रेगिस्तान, केरल की हरियाली, और अंडमान-निकोबार के समुद्री तट – ये सभी प्राकृतिक सौंदर्य के उदाहरण हैं। इसी विविधता के कारण भारत को *"विविधता में एकता"* वाला देश कहा जाता है, जहाँ विभिन्नता होते हुए भी सभी लोग मिल-जुलकर रहते हैं।

**प्रश्नः-**

**i) भारत को "अतिथि देवो भव:" क्यों कहा गया है?**

क. यहाँ का भोजन स्वादिष्ट है। ख. अतिथि को भगवान के समान माना जाता है।

ग. यहाँ अधिक त्योहार होते हैं। घ. यहाँ मौसम अच्छा रहता है।

**ii) भारत के कौन-से दो शास्त्रीय नृत्यों का उल्लेख गद्यांश में हुआ है?**

क. कुचिपुड़ी और भरतनाट्यम ख. कथकली और बॉलीवुड

ग. गरबा और भांगड़ा घ. ओडिसी और गरबा

**iii) गद्यांश के अनुसार भारत की संस्कृति को प्राचीन क्यों कहा गया है?**

क. यहाँ आधुनिक जीवन शैली है ख. इसकी जड़ें हजारों वर्षों पुरानी हैं

ग. यहाँ नए-नए त्योहार मनाए जाते हैं घ. यहाँ अलग-अलग भाषाएँ बोली जाती हैं

**iv) दक्षिण भारत का प्रमुख भोजन क्या है?**

क. चावल  ख. रोटी  ग. मक्का  घ. दाल

**v) भारत को “विविधता में एकता” वाला देश क्यों कहा जाता है?**

क. यहाँ कोई त्योहार नहीं मनाया जाता  ख. यहाँ केवल एक ही प्रकार का भोजन है

ग. अलग संस्कृतियाँ होते हुए भी लोग एकता से रहते हैं घ. सभी एक ही भाषा बोलते हैं

**2. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिएः-** **2X½=1**

कला, स्त्री

**3. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिएः-** 2X½=1

धर्म, अमृत

**4. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिएः-** 2X½=1

शिष्य, स्वामी

**5. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिएः-** **4X½=2**

तूफ़ान, प्रगति

**6. संधि कीजिएः-** **4X½=2**

तथा+एव, वन+ओषधि, देवी+अर्पण, यदि+अपि

**7. उचित समुच्चयबोधक शब्दों से निम्नलिखित वाक्यों की पूर्ति कीजिएः-** **4X½=2**

क. शयाम को बुलाओ ........ मुझे उससे कुछ कहना है।

ख. सरला ....... मोहन दिल्ली गए।

ग. सैनिक सतर्क थे ......... शत्रु भाग गए।

घ. राम धनवान है ....... कंजूस है।

**8. उचित कारक चिह्नों से निम्नलिखित वाक्यों की पूर्ति कीजिएः-** **4X½=2**

क. माँ ने साबुन ........... कपड़ा साफ़ किया।

ख. राम मोहन ......... फूल लाया।

ग. यह घर सीता ....... है।

घ. तुम पेंसिल ....... लिखो।

**9. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिएः-** **4X½=2**

क. जो सहन किया जा सके

ख. बड़ों की आज्ञा माननेवाला

ग. जो परिश्रम करता हो

घ. धर्म को माननेवाला

**10. निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए।** 2X1=**2**

क. आग उगलना

ख. आँखें उठाना

11. **किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिएः-** **5**

पौष्टिक आहार का महत्व **अथवा** परोपकार

12. अपने नए विद्यालय का वर्णन करते हुए दादाजी को पत्र लिखिए। **5**

**अथवा**

बिजली की आपूर्ति की शिकायत करते हुए बिजली अधिकारी को पत्र लिखिए।

**13. जन्म दिन पर न आने की मजबूरी प्रकट करते हुए दो मित्रों के बीच संवाद लिखिए। 5**

**14. चित्र देखकर लगभग 40-50 शब्दों में अपने विचार लिखिएः- 5**



**(खण्ड-ख)**

**15. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए हुए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिएः- 5x1=5**

उस आठ फुटे सतरंगे समययान में जैसे ही प्रोफेसर ने कदम रखा उनका शरीर रोमांचित हो उठा। उन्होंने कंप्यूटर को चालू कर दिया। कंप्यूटर द्वारा पूर्व निर्धारित समयचक्र 2500 ईसवी सदी पर पहुँचकर थम गया। बाहर रेत ही रेत थी। सूरज की असहनीय गरमी और ऑक्सीजन की कमी से एक-एक क्षण उन्हें भारी लगने लगा। उन्हें लगा कि जैसे पृथ्वी पर न होकर चंद्रमा या फिर सौरमंडल के किसी अन्य ग्रह पर आ पहुँचे हों। जहाँ दूर-दूर तक जीवन का कोई चिह्न मौजूद नहीं। फ़ेस मास्क पहनने के बाद वे अपनी बूढ़ी किंतु अनुभवी नज़रों से दूर क्षितिज के पास कुछ तलाशने लगे। दिल्ली जैसे प्रतिष्ठित शहर के व्यस्ततम इलाके करोलबाग में रहनेवाले प्रोफ़ेसर यासीन निस्संदेह आज भी करोलबाग में ही खड़े थे। पर यह करोलबाग 1900 का न होकर 2500 ईसवी सदी का था और इन दोनों के बीच जीवन और मृत्यु जीतना ही फ़ासला था। प्रोफ़ेसर को ट्रांसमिट करके न्यायालय ले जाया गया। वहाँ मौजूद जज, वकील सभी धूप की तरह पीली चमड़ी वाले थे।

**प्रश्नः-**

i) **कंप्यूटर द्वारा पूर्व निर्धारित समयचक्र कहाँ पहुँचकर थम गया**?

क. 2050 ईसवी सदी में ख. 2500 ईसवी सदी में ग. 2150 ईसवी सदी में

ii) **प्रोफ़ेसर यासीन कहाँ खड़े थे**?

क. चंद्रबाग में ख. सरोजबाग में ग. करोलबाग में

iii) **प्रोफ़ेसर को ऐसा क्यों लगा कि वे किसी अन्य ग्रह पर आ गए हैं**?

क. बारिश और बाढ़ आने के कारण

ख. ठंड और बर्फ पड़ने के कारण

ग. ऑक्सीजन की कमी और सूरज की गरमी के कारण

iv) **प्रोफ़ेसर को ट्रांसमिट करके कहाँ ले जाया गया**?

क. करोलबाग में ख. दिल्ली में ग. न्यायालय में

**v) आठ फुटे सतरंगे समययान में किसने कदम रखा**?

क. जज ने ख. वकील ने ग. प्रोफ़ेसर ने

**16. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए हुए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिएः- 5x1=5**

आज सिंधु ने विष उगला है
लहरों का यौवन मचला है
आज हृदय में और सिंधु में
साथ उठा है ज्वार।
तूफ़ानों का ओर घुमा दो नाविक निज पतवार।
लहरों के स्वर में कुछ बोलो
इस अंधड़ में साहस तौलो
कभी-कभी मिलता जीवन में
तूफ़ानों का प्यार।
तूफ़ानों का ओर घुमा दो नाविक निज पतवार।
सागर की अपनी क्षमता है
पर माँझी भी कब थकता है
जब तक साँसों में स्पंदन है
उसका हाथ नहीं रुकता है।
इसके ही बल पर कर डाले सातों सागर पार
तूफ़ानों का ओर घुमा दो नाविक निज पतवार।

**प्रश्नः-**

i) **कवि के हृदय में और सिंधु में क्या उठ रहा है**?

क. यौवन ख. ज्वार ग. लहरें

ii) **मानव का हाथ कब तक नहीं रुकता है**?

क. यौवन के रहने तक ख. जब तक साँसे चलती रहती हैं ग. केवल बचपन में

iii) **सागर पार करने के लिए क्या आवश्यक है**?

क. मेहनत की ख. साथियों की ग. हिम्मत की

iv) **कविता में तूफ़ान किसका प्रतीक है**?

क. ऊँची उठती लहरों का ख. तेज़ चलनेवाले अंधड़ का ग. जीवन की कठिनाईयों का

v) **कवि ने मानव की किस विशेषता की ओर इशारा किया है**?

क. कभी हार न मानने की ख. सागर पार करने की ग. नाव चलाने की

**17. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 20-25 शब्दों में लिखिएः-** **5x2=10**

क. श्रीकृष्ण अपनी परछाई को क्यों पकड़ रहे हैं**?**

ख. रानी कर्णावती द्वारा भेजी राखी पाकर हुमायूँ को कैसा लगा**?**

ग. नागाओं की वेशभूषा की क्या विशेषता है**?**

घ. आदमी ने कृषि के लिए क्या बंदोबस्त कर लिए हैं**?**

ङ अंधड में साहस को कैसे तौला जा सकता है**?**

**18. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिएः-** **5x3=15**

क. सूरदास ने प्रभु को करुणामय क्यों कहा है**?**

ख. राखी का मूल्य एकांकी के आधार पर कर्णावती और हुमायूँ का चरित्र-चित्रण कीजिए**?**

ग. असम के प्रसिद्ध त्योहार के बारे में लिखिए।

घ. पोखरी के नाम से चातक पुत्र क्यों सिहर उठा**?**

ङ पूर्वोत्तर भारत को अद्वितीय क्यों कहा गया है?

**19. सहपाठ के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिएः-** 1**+2+2=5**

क. यदि हम आज पेड़ों को काटते रहे और प्रदूषण फैलाते रहे**,** तो भविष्य की पीढ़ी का जीवन कैसा होगा**?** पाठ के आधार पर बताइए।

ख. अदालत का दृश्य कैसा था**?**

ग. प्रोफ़ेसर यासीन की प्रसन्नता का क्या कारण था**?**

------***------